भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4225**

29 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ

**विषयः छत्तीसगढ़ में सहकारी योजनाएं**

4225. श्री सुनील कुमार सोनी:
श्री विजय बघेल:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में सहकारी समिति क्षेत्र में चल रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) छत्तीसगढ़ में इस क्षेत्र के विकास के लिए क्या योजनाएं लागू की जा रही हैं और सरकार द्वारा उक्त उद्देश्य के लिए आवंटित कुल निधि कितनी है; और

(ग) क्या सरकार को इस क्षेत्र में काम करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

(क) सहकारिता मंत्रालय वर्तमान में केंद्रीय क्षेत्रक एकीकृत कृषिक सहकारिता योजना (सी.एस.आई.एस.ए.सी.) को कार्यान्वित कर रहा है जो सहकारी समितियों के विकास के लिए एन.सी.डी.सी के कार्यक्रमों को वित्तीय सहायता, सहकारी शिक्षा तथा प्रशिक्षण के लिए सहायता और बहु-राज्य सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए, इस योजना के तहत 373 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया हैं।

(ख) छत्तीसगढ़ राज्य में, एन.सी.डी.सी ने अपनी योजनाओं के तहत विपणन और आदानों, चीनी, भंडारण, प्रसंस्करण और उपभोक्ता सहकारी परियोजनाओं जैसे व्यापक कार्यकलापों के लिए सहकारी क्षेत्र को संचयी रूप से 69953.25 करोड़ रुपये से अधिक का संवितरण किया है।

2018-19 से अब तक, सी.एस.आई.एस.ए.सी. योजना के तहत संवितरित धनराशि और जारी की गई सब्सिडी का विवरण नीचे दिया गया है:

| वर्ष | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|
| संवितरण (करोड़ रुपये में) | 8000.31 | 5500.34 | 12000.07 | 12400.80 |
| जारी की गई सब्सिडी (लाख रुपये में) | 3.81 | 34.72 | शून्य | 37.42 |

(ग) सहकारिता मंत्रालय के अभिलेख (रिकॉर्ड) में ऐसा कोई प्रस्ताव उपलब्ध नहीं है।

*****